**वेबसाइटः** www.bankofbaroda.in **ईमेल:** corp.pr@bankofbaroda.com

स्थान**: जयपुर** तारीख: 20.01.2023

**प्रेस विज्ञप्ति**

## बैंक ऑफ़ बड़ौदा द्वारा 'बैंक ऑफ़ बड़ौदा राष्ट्रभाषा सम्मान' की शुरुआत

*इस सम्मान से भारतीय भाषाओं में साहित्यिक कृतियों को विशेष सम्मान मिलेगा*
*यह सम्मान मूल लेखक के साथ अनुवादक को भी प्रदान किया जाएगा*

**जयपुर, 20 जनवरी 2023:** भारत के सार्वजनिक बैंकों में अग्रणी बैंक ऑफ़ बड़ौदा (बैंक), ने आज ***'बैंक ऑफ़ बड़ौदा राष्ट्रभाषा सम्मान'*** नाम से एक सम्मान स्थापित किए जाने की घोषणा की। बैंक द्वारा इस सम्मान की शुरुआत भारतीय भाषाओं में साहित्यिक लेखन कार्य को प्रोत्साहित करने के लिए की गई है। **बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री संजीव चड्ढा** ने आज जयपुर में आयोजित *जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल* के एक विशेष सत्र में इस सम्मान की शुरुआत की घोषणा की। इस अवसर पर बैंक के कार्यपालक निदेशक श्री अजय के. खुराना भी उपस्थित थे।

भारत जैसे बहुभाषी देश में सभी भारतीय भाषाओं का प्रयोग महत्त्वपूर्ण है क्योंकि ये राष्ट्र को विविधता प्रदान करते हुए एक समृद्ध विरासत के निर्माण में सहायक हैं। देश की सभी भाषाएं राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं एवम् अपने साहित्य के माध्यम से राष्ट्र की साहित्यिक एवम् सांस्कृतिक विरासत को संपन्न कर रही हैं। इसे ध्यान में रखते यह *'बैंक ऑफ़ बड़ौदा राष्ट्रभाषा सम्मान'* भारतीय भाषाओं के बीच सामंजस्य को बढ़ाने और आम लोगों के लिए हिंदी में श्रेष्ठ भारतीय साहित्य उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखता है. यह सम्मान भारत में साहित्यिक अनुवाद कार्य को भी प्रोत्साहित करेगा।

यह पुरस्कार मूल रूप से क्षेत्रीय भाषाओं में लिखे गए चयनित उपन्यास के मूल लेखक और इसके अनुवादक, दोनों को ही प्रदान किया जाएगा. इसके तहत प्रति वर्ष सम्मानित उपन्यास के मूल लेखक को रु. 21.00 लाख तथा उस कृति के अनुवादक को रु. 15.00 लाख तथा अन्य पांच चयनित कृतियों के लिए प्रत्येक मूल लेखक को रु. 3.00 लाख तथा अनुवादक को रु. 2.00 लाख की राशि पुरस्कार स्वरूप दी जाएगी।

पुरस्कार के संबंध में घोषणा करते हुए **बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी** ने इस शुरुआत को भारतीय भाषाओं के मूल साहित्य और हिंदी में इनके अनुवाद कार्य को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम बताया. उन्होंने कहा कि "बैंक की इस पहल से न केवल हिंदी भाषा में भारतीय साहित्य के अनुवाद कार्य को प्रोत्साहन मिलेगा बल्कि इससे दूसरी भारतीय भाषाओं में भी गुणवत्तापूर्वक लेखन को बढ़ावा मिलेगा। दोनों ही रूप में इससे भारतीय भाषाओं में गुणवत्तापरक लेखन को प्रोत्साहन मिलेगा। यह पुरस्कार साहित्यिक अनुवाद कार्य को बढ़ावा देने में बेहद कारगर होगा।"

कार्यक्रम में उपस्थित **बैंक के कार्यपालक निदेशक श्री अजय के. खुराना** ने कहा कि "यह बैंक के लिए एक ऐतिहासिक कदम है. हम इस सम्मान की शुरुआत कर भारतीय भाषा, साहित्य और अनुवाद तीनों क्षेत्रों के लिए अहम योगदान देने वाले हैं।"

इस अवसर पर बुकर पुरस्कार से सम्मानित बहुचर्चित लेखिका सुश्री गीतांजलि श्री सहित देश-विदेश के साहित्य प्रेमी, भाषाविद् सहित अन्य प्रबुद्धजन उपस्थित रहे.

*****

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा के बारे में:**

20 जुलाई, 1908 को सर महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ III द्वारा स्थापित, बैंक ऑफ़ बड़ौदा भारत के प्रमुख वाणिज्यिक बैंकों में से एक है. 63.97% हिस्सेदारी के साथ यह प्रमुख रूप से भारत सरकार के स्वामित्व में है. बैंक पांच महाद्वीपों में 17 देशों में फैले 46,000 से अधिक टचप्वाइंट के माध्यम से 150 मिलियन से अधिक के अपने वैश्विक ग्राहक आधार को सेवाएं प्रदान कर रहा है. अपने अत्याधुनिक डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से यह सभी बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं को निर्बाध एवं बाधारहित तरीके से उपलब्ध करा रहा है. हाल ही में शुरू किया गया बॉब वर्ल्ड मोबाइल ऐप ग्राहकों को एक ही ऐप के अंतर्गत बचत, निवेश, उधार एवं खरीदारी का अनुभव प्रदान कर रहा है. यह ऐप वीडियो केवाईसी के माध्यम से खाता खोलने की सुविधा उपलब्ध कराकर गैर-ग्राहकों को भी सेवा प्रदान करता है. बैंक का दृष्टिकोण अपने विविध ग्राहक आधार के अनुरूप है तथा यह विश्वास एवं सुरक्षा की भावना पैदा करता है. बैंक उस दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है और बॉब वर्ल्ड डिजिटल परिवर्तन की दिशा में इसके रोडमैप का एक प्रमाण है.

- www.bankofbaroda.in पर जाएं.
- फेसबुक https://www.facebook.com/bankofbaroda/
- ट्विटर https://twitter.com/bankofbaroda
- इंस्टाग्राम https://www.instagram.com/officialbankofbaroda/
- यूट्यूब https://www.youtube.com/channel/UCdf14FHPLt7omkE9CmyrVHA
- लिंक्डइन https://www.linkedin.com/company/bankofbaroda/

**कृपया अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:**

बैंक ऑफ़ बड़ौदा का संपर्क सूत्र: फिरोजा चौकसी | +91 9820363681 | corp.pr@bankofbaroda.com

परफेक्ट रिलेशंस - स्नेहा जोशी | +91 9833004482 | snehaj@perfectrelations.com

**वेबसाइट**: www.bankofbaroda.in **ईमेल:** corp.pr@bankofbaroda.com

स्थान/**Place:** Jaipur तारीख/**Date**: 20.01.2023

**प्रेसविज्ञप्ति /Press Release**

# Bank of Baroda establishes the 'Bank of Baroda Rashtrabhasha Samman'

*The Award seeks to recognise literary works in Indian languages*

*The Award will be presented to both the original author and the translator*

**Jaipur, January 20, 2023**: Bank of Baroda (Bank), one of India's leading public sector banks, today announced that the Bank has instituted the **'Bank of Baroda Rashtrabhasha Samman'.** This award has been established by the Bank to encourage and promote literary works in Indian languages. The Bank's Managing Director and Chief Executive Officer, Mr. Sanjiv Chadha, announced the commencement of this award in a special session at the Jaipur Literature Festival today. The Bank's Executive Director, Mr. Ajay K. Khurana, was also present on the occasion.

In a multilingual country like India, the use of all Indian languages is important as it adds to the diversity and rich heritage of the nation. All the languages of the country play a vital role in nation building and enriching the literary and cultural heritage of the nation. Keeping this in mind, this award 'Bank of Baroda Rashtrabhasha Samman' seeks to promote the mutual interchange amongst Indian languages and to make the best Indian literature available to the general public in Hindi. The award encourages literary translation work in the country.

This award will be presented to both the original author of selected literary works and the translator who has translated the book in to Hindi from the original regional language. Under this award, every year the original author and translator of the award winning book will get Rs. 21.00 lakh and Rs. 15.00 lakh respectively. Moreover, for the other five shortlisted translated novels, the original author and translator will be awarded with Rs. 3.00 lakh and Rs. 2.00 lakh each respectively.

Speaking about the award, **Shri Sanjiv Chadha, Managing Director & CEO, Bank of Baroda** termed the initiative as a significant step by the Bank to promote original Indian language literature and the translations of these works in Hindi. He said, "This initiative by the Bank will not only encourage the translation of Indian language literature in Hindi, but will also encourage quality writings in other Indian languages. In both ways, it will give a boost to creative writing in Indian languages."

While attending the programme, **the Bank's Executive Director, Shri Ajay K. Khurana** said "This is a landmark initiative by the Bank. With the establishment of this award, we are going to make a significant contribution to all three fields i.e., Indian languages, literature and translation."

Well-known writer and Booker Prize winner Smt. Geetanjali Shree, noted laureates, philologists and other intellectuals from India and abroad also graced the occasion.

**About Bank of Baroda:**

Founded on 20th July, 1908 by Sir Maharaja Sayajirao Gaekwad III, Bank of Baroda is one of the leading commercial banks in India. At 63.97% stake, it is majorly owned by the Government of India. The Bank serves its global customer base of over 150 million through over 46,000 touchpoints spread across 17 countries in five continents. Through Its state-of-the-art digital banking platforms, it provides all banking products and services in a seamless and hassle-free manner. The recently launched bob World mobile app provides customers with a saving, investing, borrowing, and shopping experience, all under one single app. The app also serves non-customers by enabling account opening through video KYC. The Bank's vision matches its diverse clientele base and instills a sense of trust and security. It is moving well in that direction and bob World is a testimony of its roadmap towards Digital Transformation.

- Visit us at www.bankofbaroda.in
- Facebook https://www.facebook.com/bankofbaroda/
- Twitter https://twitter.com/bankofbaroda
- Instagram https://www.instagram.com/officialbankofbaroda/
- YouTube https://www.youtube.com/channel/UCdf14FHPLt7omkE9CmyrVHA
- LinkedIn https://www.linkedin.com/company/bankofbaroda/

**For media queries, please contact:**
Bank of Baroda contact: Phiroza Choksi | +91 9820363681 | corp.pr@bankofbaroda.com
Perfect Relations - Sneha Joshi | +91 9833004482 | Sneha.Joshi@dentsu.com